"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी.ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 9] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 4 मार्च, 2005—फाल्गुन 13, शक 1926

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शेख महबूब आत्मज शेख अनवर निवासी रेल्वे कालोनी, ब्लाक नं. टी-116/2, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ. ग.) का हूं. मैं अपने उपरोक्त नाम को बदल कर महबूब शेख आत्मज अनवर शेख कर लिया हूं तथा इस आशय का शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर दिया हूं. अत: मुझे महबूब शेख आत्मज अनवर शेख के नाम से जाना व पहचाना जावे.

पुराना नाम
शेख महबूब
आत्मज शेख अनवर
रेल्वे कालोनी, ब्लाक नं. टी-116/2
तहसील डोंगरगढ़,
जिला राजनांदगांव (छ. ग.)

नया नाम
महबूब शेख
आत्मज अनवर शेख
रेल्वे कालोनी, ब्लाक नं. टी-116/2
तहसील डोंगरगढ़,
जिला राजनांदगांव (छ. ग.)

उपनाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं महेन्द्र कुमार यादव पिता स्व. जुगल राम यादव निवासी ग्राम व पो. फिंगेश्वर तहसील राजिम जिला रायपुर (छ. ग.) वर्तमान छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल, लाइन असिस्टेंट ग्रेड-I निर्माण उप संभाग, महासमुन्द का हूं जो मैं अपने उपनाम को बदल कर महेन्द्र कुमार यदु पिता स्व. जुगल राम यदु कर लिया है तथा इस आशय का शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर दिया हूं. अत: अब मुझे महेन्द्र कुमार यदु पिता स्व. जुगल राम यदु के नाम से जाना व पहचाना जावे.

पुराना नाम	**नया नाम**
महेन्द्र कुमार यादव	महेन्द्र कुमार यदु
लाइन असिस्टेन्ट ग्रेड-I	लाइन असिस्टेन्ट ग्रेड-I
निर्माण उप संभाग छ. रा. विद्युत मंडल,	निर्माण उप संभाग छ. रा. विद्युत मंडल,
महासमुन्द.	महासमुन्द.

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी, रायपुर

रायपुर, दिनांक 17 नवम्बर 2004

क्रमांक/अविअ/वाचक/ट्रस्ट/04.—चूंकि, डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला आत्मज तेजराम शुक्ला सिटी कोतवाली के पास, रायपुर ने एक्ट 1951 की धारा 4 के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई संपत्ति को पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन करने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

2. यदि किसी भी व्यक्ति को ट्रस्ट अथवा संपत्ति में अभिरुचि हो और इस ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना के निकालने की एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत करें और पेशी के दिन स्वत: या अपने अधिवक्ता अथवा एजेंट के माध्यम से उपस्थित होवें. निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत किए गए आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा.

उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई दिनांक 17-12-2004 को होगी.

अनुसूची
(पब्लिक ट्रस्ट का नाम व पता व संपत्ति का विवरण)

पब्लिक ट्रस्ट का नाम	:	आई. एम. ए. बिल्डिंग ट्रस्ट, डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला आ. तेजराम शुक्ला, सिटी कोतवाली के पास, रायपुर.
चल संपत्ति	:	विजया बैंक रायपुर खाता नं. वी. सी. सी., 240228 जमा राशि रु. 1,75,000/-
अचल संपत्ति	:	निरंक.

के. के. बक्शी,
पंजीयक.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2005.